**1. मानव शरीर में वसा (फैट्स) के पाचन के दौरान वसा के विघटन में निम्नलिखित में से कौन-सा एंजाइम सहायक होता है?**
(A) एमाइलेस (B) ट्रिप्सिन
(C) पेप्सिन (D) लाइपेस
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**2. यदि किसी जीन विशेष के दो एलील समान हैं, तो उस जीन युग्म को क्या कहा जाता है?**
(A) समयुग्मजी (B) विषमयुग्मजी
(C) अप्रभावी (D) प्रभावी
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**3. निम्नलिखित में से कौन-सा देश वर्ष 2026 में एशियाई खेलों की मेजबानी करेगा?**
(A) भारत (B) चीन
(C) संयुक्त अरब अमीरात (D) जापान
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**4. भारत के लोकपाल का पहला स्थापना दिवस नई दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में कब मनाया गया था?**
(A) 16 मार्च, 2015 (B) 16 जनवरी, 2025
(C) 16 जनवरी, 2015 (D) 16 मार्च, 2025
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**5. भारत के वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत भारतीय केंद्रीय बजट 2025-26 का मूल विषय (थीम) क्या था?**
(A) डिजिटल इंडिया (B) सबका विकास
(C) अगली पीढ़ी के सुधार (D) वसुधैव कुटुम्बकम
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**6. भारत के प्रधानमंत्री 3 मार्च, 2025 को राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड की 7वीं बैठक की अध्यक्षता करने के लिए किस राष्ट्रीय उद्यान में गए थे?**
(A) गिर राष्ट्रीय उद्यान (B) रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान
(C) काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान (D) जिम कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**7. भारत के किस राज्य में "नीरमहल उत्सव" मनाया जाता है?**
(A) असम (B) त्रिपुरा
(C) मेघालय (D) नागालैंड
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**8. राजस्थान के किस शहर ने एशिया और प्रशांत क्षेत्र में 12वें क्षेत्रीय 3-आर और सर्कुलर इकोनॉमी फोरम की मेजबानी की?**
(A) जैसलमेर (B) जयपुर
(C) उदयपुर (D) जोधपुर
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**9. राजस्थान के श्री शीन काफ निजाम (शिव किशन बिस्सा) को वर्ष 2025 में निम्नलिखित में से कौन-सा पुरस्कार प्रदान किया गया?**
(A) सागर सम्मान पुरस्कार (B) पद्म विभूषण
(C) पद्म भूषण (D) पद्म श्री
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**10. भारत सरकार के निम्नलिखित में से कौन-से मंत्रालय द्वारा, राष्ट्रीय एकता शिविर राजस्थान-2025 का आयोजन किया जा रहा है?**
(A) जनजातीय कार्य मंत्रालय
(B) युवा मामले और खेल मंत्रालय
(C) स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
(D) कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**11. जनवरी 2025 में, पार्वती-कालीसिंध-चंबल-पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (PKC-ERCP) लिंक परियोजना का नाम बदलकर क्या कर दिया गया है?**
(A) रामजल सेतु लिंक परियोजना (RSLP)
(B) जल सेतु लिंक परियोजना (JSLP)
(C) राम जल लिंक परियोजना (RJLP)
(D) अमृत जल लिंक परियोजना (AJLP)
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**12. राजस्थान राज्य बजट 2025-26 के अनुसार, किस स्थान पर एक खिलौना पार्क स्थापित किया जाएगा?**
(A) चित्तौड़गढ़ (B) कोटा
(C) उदयपुर (D) जोधपुर
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**13. निम्नलिखित में से कौन-सी स्टोरेज डिस्क धातु से बनी होती है और धातु ऑक्साइड से लेपित होती है, और जिसकी डेटा भंडारण क्षमता जीबी और टीबी में होती है?**
(A) हार्ड डिस्क (B) फ्लॉपी डिस्क
(C) ब्लू-रे डिस्क (D) कॉम्पैक्ट डिस्क
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**14. कम्प्यूटर में, निम्नलिखित में से कौन-सा सॉफ्टवेयर संचालन को नियंत्रित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है?**
(A) डिवाइस सॉफ्टवेयर (B) सिस्टम सॉफ्टवेयर
(C) यूटिलिटी सॉफ्टवेयर (D) एप्लिकेशन सॉफ्टवेयर
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**15. वर्ड में "मेल मर्ज" नामक सुविधा का मुख्य उद्देश्य क्या है?**
(A) दस्तावेज़ों को थोक में प्रिंट करना
(B) पीडीएफ प्रारूप में दस्तावेज़ बनाना
(C) प्रत्येक प्राप्तकर्ता के लिए वैयक्तिकृत दस्तावेज़ों का एक समूह बनाना
(D) दस्तावेज़ की वर्तनी जाँचना
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**16. वह नेटवर्क सुरक्षा उपकरण जो इंटरनेट कनेक्शन के माध्यम से आने वाली जानकारी को फ़िल्टर करता है, कहलाता है:**
(A) हैकर्स (B) कुकीज़
(C) क्रैकर्स (D) फ़ायरवॉल
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**17. ई-मेल में BCC का पूर्ण नाम है:**
(A) ब्लाइंड कलेक्शन कॉपी (B) ब्लैक कलेक्शन कॉपी
(C) ब्लैक कार्बन कॉपी (D) ब्लाइंड कार्बन कॉपी
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**18. भारतीय संविधान में मौलिक कर्तव्यों को किस संशोधन के माध्यम से जोड़ा गया था?**
(A) 42वां (B) 44वां
(C) 50वां (D) 36वां
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**19. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 217 के तहत, निम्नलिखित में से कौन उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की नियुक्ति करता है? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)**
(A) राज्य का मुख्यमंत्री (B) भारत का प्रधान मंत्री
(C) भारत का राष्ट्रपति (D) राज्य का महाधिवक्ता
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**20. निम्नलिखित में से कौन-सी राज्य में राज्यपाल की नियुक्ति के लिए आवश्यक योग्यता नहीं है?**
(A) भारत का नागरिक होना चाहिए
(B) लोकसभा का सदस्य होना चाहिए
(C) न्यूनतम आयु 35 वर्ष होनी चाहिए
(D) राज्यसभा का सदस्य नहीं हो सकता
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**21. राज्यपाल को केवल उन मामलों को छोड़कर जिनमें राज्यपाल अपने विवेक से कार्य करते हैं. उनके कार्यों के निष्पादन में सहायता और सलाह देने वाली मंत्रिपरिषद का प्रमुख कौन होता है?**
(A) जिला कलेक्टर (B) गृह मंत्री
(C) मुख्यमंत्री (D) राज्य वित्त मंत्री
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**22. 16वीं राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष (जून, 2025 के अनुसार) कौन हैं?**
(A) कैलाश चंद्र मेघवाल (B) दीपेंद्र सिंह शेखावत
(C) वासुदेव देवनानी (D) रामनिवास मिर्धा
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**23. राजस्थान उच्च न्यायालय की मुख्य पीठ कहाँ स्थित है?**
(A) जयपुर (B) जोधपुर
(C) अजमेर (D) उदयपुर
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**24. राजस्थान में "केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान" (CAZRI) का मुख्यालय कहाँ स्थित है?**
(A) जयपुर (B) जोधपुर
(C) बीकानेर (D) जैसलमेर
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**25. सवाई जय सिंह ने वर्ष 1734 में मराठों का प्रभावी ढंग से सामना करने और राजस्थान में उनके प्रवेश को रोकने के लिए राजस्थान के सभी शासकों का एक सम्मेलन आयोजित किया। इस सम्मेलन को क्या नाम दिया गया?**
(A) हुरडा सम्मेलन (B) सांगानेर सम्मेलन
(C) अम्बाबाड़ी सम्मेलन (D) जयपुर सम्मेलन
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**26. निम्नलिखित में से किसे ब्रिटिशों के खिलाफ विद्रोह संगठित करने के कारण टोडगढ़ किले में कैद किया गया था?**
(A) प्रताप सिंह बारहठ (B) दौलत मल भंडारी
(C) सागरमल गोपा (D) राव गोपाल सिंह खरवा
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**27. राजस्थान के एकीकरण के दौरान, निम्नलिखित में से कौन-सी रियासत मत्स्य संघ का हिस्सा नहीं थी? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)**
(A) अलवर (B) भरतपुर
(C) जयपुर (D) करौली
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**28. उस प्रसिद्ध संगीतकार का नाम बताइए, जिन्हें प्रतिष्ठित ग्रैमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था और जिन्होंने मोहन वीणा का आविष्कार भी किया था।**
(A) पं. विश्वमोहन भट्ट (B) जगजीत सिंह
(C) अल्लाह जिलाई बाई (D) इला अरुण
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**29. उस पत्रकार का नाम बताइए जिसने वर्ष 1956 में 'राजस्थान पत्रिका" समाचार पत्र शुरू किया था।**
(A) कोमल कोठारी (B) कृपाल सिंह शेखावत
(C) बीरबल सिंह (D) कर्पूर चन्द्र कुलिश
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**30. एक पुरुष किसी काम को 72 दिन में कर सकता है। चार पुरुषों और पाँच महिलाओं ने मिलकर काम किया और 12 दिन में काम पूरा कर लिया। एक महिला उस काम को कितने दिन में पूरा कर लेगी?**
(A) 144 (B) 90
(C) 135 (D) 180
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**31. एक व्यक्ति ने 6 घंटे में 325 किमी की यात्रा की। आरंभ में उसने कुछ दूरी बस द्वारा 40 किमी/घंटा की गति से तय की तथा शेष दूरी रेल द्वारा 65 किमी/घंटा की गति से तय की। उसने कितनी दूरी (किमी में) रेल द्वारा तय की?**
(A) 221 (B) 229
(C) 211 (D) 230
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**32. एक स्कूल में 1200 छात्र पढ़ते हैं। वे स्कूल आने-जाने के लिए अलग-अलग परिवहन साधनों का चयन करते हैं। छात्रों की संख्या को उनके परिवहन साधनों के साथ एक पाई आरेख में दर्शाया गया है।**




**............... प्रतिशत छात्र पैदल स्कूल जाते हैं और .............. प्रतिशत छात्र साइकिल से जाते हैं।**
(A) 13, 26 (B) 12, 24
(C) 15, 30 (D) 30, 43
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**33. निम्नलिखित शब्दों में से भाववाचक संज्ञा का उदाहरण है:**
(A) हिमालय (B) सच्चाई
(C) सभा (D) मिट्टी
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**34. 'जो कमाएगा, वही खाएगा' वाक्य में कौन-सा सर्वनाम प्रयुक्त हुआ है?**
(A) निजवाचक सर्वनाम (B) संबंधवाचक सर्वनाम
(C) निश्चयवाचक सर्वनाम (D) अनिश्चयवाचक सर्वनाम
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**35. निम्नलिखित वाक्यों में से किसमें अकर्मक क्रिया का प्रयोग नहीं हुआ है?**
(A) श्याम सोता है। (B) कृष्ण नहाता है।
(C) महेश खाँसता है। (D) राम पढ़ता है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**36. "सरकार ने स्थानीय कलाकारों को बुलाया है।" इस वाक्य में किस विशेषण का प्रयोग हआ है?**
(A) संख्यावाचक विशेषण (B) सार्वनामिक विशेषण
(C) गुणवाचक विशेषण (D) परिमाणबोधक विशेषण
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

37. 'फूल' का तत्सम शब्द है:
(A) पुष्प (B) पर्ण
(C) सर (D) पुष्क
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

38. हिंदी में प्रयुक्त होने वाला 'लालटेन' शब्द किस भाषा से आया है?
(A) फारसी (B) तुर्की
(C) अंग्रेजी (D) पुर्तगाली
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

39. निम्नलिखित में से कौन-सी राजस्थान, बूंदी के प्रसिद्ध कवि सूर्यमल मिश्रण की अतिमहत्वपूर्ण कृति है?
(A) उर्वशी (B) कामायनी
(C) संस्मरण (D) वीर सतसई
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

40. कोटा, बूंदी, झालावाड़ और बारां क्षेत्र में प्रमुख रूप से बोली जाने वाली बोली कहलाती है (सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें):
(A) मेवाती (B) मालवी
(C) हाड़ौती (D) ढूंढाड़ी
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

41. कोटा डोरिया साड़ी का एक अन्य नाम क्या है? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)
(A) कोटा गोटा पट्टी साड़ी (B) कोटा बनारसी साड़ी
(C) कोटा कॉटन साड़ी (D) कोटा मसूरिया साड़ी
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

42. निम्नलिखित में से कौन-सा राजस्थानी आभूषण पैरों में नहीं पहना जाता है?
(A) नूपुर (B) झांझर
(C) दामणा (D) लंगर
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

43. निम्नलिखित में से कौन-सा वाद्ययंत्र, "सुषिर" वाद्ययंत्र के वर्गीकरण के अंतर्गत आता है?
(A) अल्गोजा (B) ताशा
(C) रावणहत्था (D) एकतारा
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

44. बिश्नोई संप्रदाय के संस्थापक का नाम बताएं।
(A) पीपा (B) धन्ना
(C) जाम्भोजी (D) हरभुजी
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

45. लोक संस्कृति के प्रचार-प्रसार के लिए जोधपुर जिले के बोरुंदा में 'रुपायन संस्थान' की स्थापना किसने की?
(A) कृपाल सिंह शेखावत
(B) कर्पूरचंद कुलिश
(C) आचार्य तुलसी
(D) कोमल कोठारी
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

46. निम्नलिखित में से कौन-सा राजस्थान राज्य में सर्वोच्च श्रेणी वाला पुलिस अधिकारी पद है?
(A) पुलिस महानिरीक्षक (IGP)
(B) पुलिस महानिदेशक (DGP)
(C) वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (SSP)
(D) पुलिस उप महानिरीक्षक (डिप्टी IGP)
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

47. राजस्थान सूचना आयोग (आरआईसी) का गठन कब किया गया था?
(A) 2008 (B) 2006
(C) 2007 (D) 2009
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**



**48. जब सूचना का अधिकार अधिनियम (2005) पारित हुआ और लागू हुआ, तब निम्नलिखित में से कौन-सा अधिनियम निरस्त कर दिया गया था?**
(A) सूचना की स्वतंत्रता अधिनियम, 2002
(B) सूचना की स्वतंत्रता अधिनियम, 1990
(C) सूचना तक पहुँच अधिनियम, 2001
(D) व्यक्तिगत सूचना अधिनियम, 2002
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**49. निम्नलिखित में से कौन-सी धातु, कॉपर सल्फेट के घोल से, कॉपर को विस्थापित नहीं कर सकती?**
(A) जस्ता (B) लोहा
(C) चाँदी (D) ऐलुमिनियम
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**50. एक अवतल दर्पण से वास्तविक, उल्टा और समान आकार का प्रतिबिंब तब प्राप्त होता है, यदि वस्तु स्थित होती है:**
(A) फोकस बिंदु पर (B) अनंत पर
(C) वक्रता केंद्र पर (D) वक्रता केंद्र से परे
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**51. रोगों (सूची I में दिए गए) का रोग पैदा करने वाले रोगाणुओं (सूची II में दिए गए) से मिलान करें:**

| सूची I (रोग) | सूची II (कारण) |
|---|---|
| a. टायफॉइड | I. कृमि |
| b. मलेरिया | II. विषाणु |
| c. एड्स | III. जीवाणु |
| d. हाथीपांव | IV. प्लास्मोडियम (प्रोटोजोआ) |

**दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें:**
(A) a-II, b-IV, c-III, d-I (B) a-I, b-III, c-II, d-IV
(C) a-III, b-II, c-I, d-IV (D) a-III, b-IV, c-II, d-I
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**52. निम्नलिखित में से कौन-सा समुदाय पारंपरिक रूप से, फड़ चित्रों से कथाएँ सुनाने से जुड़ा हुआ है?**
(A) भोपा (B) बंजारा
(C) कालबेलिया (D) सरगोडास
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**53. आमेर शैली, जयपुर शैली और शेखावाटी शैली की चित्रकला, राजस्थान के निम्नलिखित में से किस चित्रकला शैली से संबंधित हैं?**
(A) ढूंढाड़ शैली (B) मेवाड़ शैली
(C) मारवाड़ शैली (D) हाड़ौती शैली
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**54. निम्नलिखित में से कौन-सी राजस्थान में परंपरागत रूप से जल संरक्षण के लिए निर्मित संरचना नहीं है? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)**
(A) जोहड़ (B) छतरी
(C) टांका (D) बावड़ी
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**55. राजस्थान में पुरुषों के समूह, होरी, रसिया और धमाल जैसे गीत किस पर्व के अवसर पर गाते हैं?**
(A) दिवाली (B) दशहरा
(C) तीज (D) होली
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**56. चांद बावड़ी स्थित है -**
(A) आभानेरी में (B) भांडारेज में
(C) बूंदी में (D) आमेर में
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**57. निम्नलिखित में से कौन-सा शेखावाटी क्षेत्र के पुरुषों द्वारा प्रदर्शित एक व्यावसायिक लोक-नृत्य है, जहाँ विशेषकर विवाह के अवसर पर नर्तक एक योद्धा की तरह कपड़े पहनते हैं?**
(A) अग्नि नृत्य (B) गिन्दड़ नृत्य
(C) गैर नृत्य (D) कच्छी घोड़ी नृत्य
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**58. लोक नाट्य 'चहार बैत' (चार बैंत) राजस्थान के निम्न में से किस स्थान से संबंधित है?**
(A) जयपुर (B) टोंक
(C) उदयपुर (D) अलवर
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**59. राजस्थान के निम्नलिखित क्षेत्रों में से, किस क्षेत्र में हर्षनाथ मंदिर स्थित है?**
(A) सीकर (B) बूंदी
(C) बांसवाड़ा (D) जैसलमेर
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**60. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द भारतीय संविधान की प्रस्तावना में मूल रूप से नहीं था?**
(A) समाजवादी (B) लोकतांत्रिक
(C) गणराज्य (D) संप्रभु
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**61. Choose the most suitable word to fill in the blank in the following sentence:**
**The auditorium has a seating ............. for seven hundred students.**
(A) capability (B) capillary
(C) capacity (D) capitulation
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**62. Fill in the blanks in the following sentence with the most suitable pair of articles:**
**Being ................ M.A. only, he could not be appointed to the post of ............... Assistant Professor.**
(A) the, an (B) a, the
(C) the, a (D) an, an
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**63. Fill in the blank in the following sentence with the most appropriate determiner:**
**............... have brought you home.**
(A) I (B) Me
(C) She (D) It
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**64. Match the following sentences (given in list I) with the appropriate prepositions (given in list II) in order to fill in the blank of the respective sentence:**

| List-I (Sentences) | List-II (Prepositions) |
|---|---|
| a. Do not rob me ............ my dignity by asking such a question. | I. Above |
| b. He threw the book ............ the table. | II. To |

| | |
|---|---|
| C. The flags waved ............. our heads. | III. of |
| d. Terrorists are a menace ............. the security of this country. | IV. upon |

**Choose the most appropriate answer from the options given below:**
(A) a-IV, b-I, c-III, d-II (B) a-III, b-IV, c-I, d-II
(C) a-I, b-III, c-II, d-IV (D) a-III, b-II, c-IV, d-I
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**65. Choose the option with the most appropriate use of punctuation(s):**
(A) Oh we are ruined?
(B) They have been to London, haven't they?
(C) The jester cried help? help?
(D) Krishna is dark skinned Radha is fair.
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**66. Convert the following sentence from Hindi to English:**
**इस गैर-जिम्मेदारी की जवाबदेही किसकी है?**
(A) Who is accountable for this mistake?
(B) Who is to be blamed for the troubles?
(C) Who should we accuse of this crime?
(D) Who is answerable for this irresponsibility?
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**67. Convert the following sentence from English to Hindi:**
**All my sympathies are with you.**
(A) मैं आपको अपनी सारी सहानुभूति देता हूँ।
(B) आपके साथ हमेशा मेरी सहानुभूति रहेगी।
(C) मेरी पूरी सहानुभूति आपके साथ है।
(D) मेरी इस मामले में आपके साथ सारी सहानुभूति है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**68. दो संख्याओं के HCF तथा LCM का अनुपात 1:6 है। यदि दोनों संख्याओं का गुणन 96 है, तो उनका LCM ज्ञात करें।**
(A) 12 (B) 18
(C) 24 (D) 48
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**69. 35 बच्चे, 28 महिलाएँ और 32 पुरुष एक भोजनालय में गए। प्रत्येक बच्चे, महिला और पुरुष पर क्रमशः ₹ 138,₹205 और ₹ 225 औसत व्यय हुआ। प्रति व्यक्ति औसत व्यय (निकटतम ₹ तक सही) हुआ:**
(A) ₹ 185 (B) ₹ 187
(C) ₹ 189 (D) ₹ 190
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**70. 200 मीटर लंबी एक रेलगाड़ी 160 मीटर लंबी एक सुरंग को 24 सेकंड में पार करती है। रेलगाड़ी की गति क्या है?**
(A) 15 किमी / घंटा (B) 18 किमी / घंटा
(C) 54 किमी / घंटा (D) 72 किमी / घंटा
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**71. यदि रेनू को एक पर्स ₹ 7,500 में बेचने पर 20% का लाभ होता है और दूसरे पर्स को ₹ 8.550 में बेचने पर 5% की हानि होती है। उसे लाभ होगा या हानि और कितने प्रतिशत?**
(A) हानि, 3.72% (B) लाभ, 5.24%
(C) हानि, 6.26% (D) लाभ, 4.18%
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**72. अमित अपने वेतन का 35% भाग भोजन पर तथा 25% भाग बच्चों की शिक्षा पर व्यय करता है। वह शेष धन का 80% भाग घर के किराए पर व्यय करता है। इसके बाद वेतन का कितना प्रतिशत उसके पास शेष बचता है?**
(A) 10% (B) 8%
(C) 6% (D) 4%
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**73. हरीश ने कुल ₹ 27,000 की राशि का कुछ भाग 13% और शेष भाग 5% की वार्षिक दर से साधारण ब्याज पर निवेश किया। यदि 4 वर्ष बाद उसे दोनों निवेशों से बराबर ब्याज प्राप्त हुआ, तो 5% ब्याज की वार्षिक दर पर निवेश की गई राशि ज्ञात करें।**
(A) ₹ 13,500 (B) ₹ 7,500
(C) ₹ 8,000 (D) ₹ 19,500
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**74. ₹ 78,125 पर 15 महीने के लिए 16% वार्षिक दर से, चक्रवृद्धि ब्याज ज्ञात करें, जबकि ब्याज अर्द्धवार्षिक संयोजित हो रहा है।**
(A) ₹ 16,645 (B) ₹ 20,290
(C) ₹ 8,065 (D) ₹ 35,410
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**75. एक धनराशि 4 वर्ष में साधारण ब्याज पर स्वयं की 60% बढ़ जाती है। ₹ 9,200 पर 2 वर्ष में इसी ब्याज दर से चक्रवृद्धि ब्याज क्या होगा जबकि ब्याज की गणना वार्षिक है?**
(A) ₹ 2,967 (B) ₹ 2,697
(C) ₹ 2,679 (D) ₹ 2,976
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**76. 840 विद्यार्थियों वाले एक विद्यालय में लड़कों और लड़कियों की संख्या में अनुपात 5:3 है। कितनी लड़कियों को और प्रवेश दिया जाना चाहिए कि यह अनुपात 5:4 हो जाए?**
(A) 100 (B) 105
(C) 125 (D) 175
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**77. एक थैले में हरी, लाल और नीली गेंदों की संख्या में 4:6:9 का अनुपात है। यदि नीली गेंदों की संख्या, लाल गेंदों की संख्या से 15 अधिक है, तो थैले में कुल कितनी गेंदें हैं?**
(A) 76 (B) 85
(C) 91 (D) 95
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**78. अंकित और अमन ने एक व्यवसाय में 3:2 के अनुपात में राशि निवेश की और अंकित तथा अमीश द्वारा निवेश की गई राशि का अनुपात 2:1 था। वर्ष के अंत में उनका कुल लाभ ₹ 1,57,300 था। अमन को कितनी राशि प्राप्त होगी?**
(A) ₹ 48,000 (B) ₹ 48,200
(C) ₹ 48,400 (D) ₹ 48,600
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**79. A किसी काम को 2 दिन में कर सकता है और B उसे 3 दिन में कर सकता है। उन्होंने मिलकर एक दिन काम किया और शेष काम C ने एक दिन में किया। यदि C अकेला काम करे तो पूरा काम को करने में उसे कितने दिन लगेंगे?**
(A) 4 (B) $3\frac{1}{2}$
(C) 6 (D) 5
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**80. सूची-I में दिए गए शब्दों का मिलान सूची-II में दी गई उनकी उपयुक्त संधि के साथ कीजिए:**

| **सूची-I (शब्द)** | **सूची-II (संधि)** |
|---|---|
| a. यद्यपि | I. विसर्ग संधि |
| b. विद्यार्थी | II. यण संधि |

c. निश्चय — III. व्यंजन संधि
d. संगम — IV. दीर्घ संधि

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:**
(A) a-II, b-IV, c-III, d-I (B) a-III, в-I, c- II, d-IV
(C) a-II, b-IV, c-I, d- III (D) a-IV, b-III, e-I, d- II
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**81. 'आगमन' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग बताइए:**
(A) आग (B) आगम
(C) अग (D) आ
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**82. 'अन्यथा' शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय है:**
(A) अन् (B) यथा
(C) था (D) आ
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**83. निम्नलिखित में से बुद्धि' का पर्यायवाची शब्द नहीं है:**
(A) मनीषा (B) प्रज्ञा
(C) मेघा (D) यामिनी
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**84. 'अग्रज' शब्द के लिए प्रयुक्त होने वाला विलोम शब्द है:**
(A) अघम (B) अनुज
(C) तनुज (D) स्वेदज
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**85. "किए गए उपकार को न मानने वाला", इस वाक्यांश के लिए उचित शब्द होगा:**
(A) विद्वान (B) कृतज्ञ
(C) उपकारी (D) कृतघ्न
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**86. निम्नलिखित में से शुद्ध शब्दों का चयन कीजिए-**
a. चरमोत्कर्ष b. परिक्षा
c. जयोतसना d. प्रदर्शनी
e. प्रांगन

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:**
(A) केवल b और e (B) केवल a और d
(C) केवल b और c (D) केवल a और e
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**87. निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य अशुद्ध है?**
(A) वह सचमुच बीमार है।
(B) उसने ब्रजभाषा में 'ब्रज की होरी' शीर्षक वाली कविता लिखी।
(C) पति-पत्नी के झगड़े का कारण क्या हो सकता है?
(D) मेरे को दिल्ली जाना है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**88. निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य "संदिग्ध वर्तमान काल" का उदाहरण है?**
(A) में यहाँ सुबह से बैठा है।
(B) पुलिस बदमाश का पीछा कर रही है।
(C) सीतामढ़ी में बाढ़ आ रही होगी।
(D) चौकीदार पहरा दे रहा है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**89. 'खरी-खोटी सुनाना' मुहावरे का अर्थ है-**
(A) याचना करना (B) खुशामद करना
(C) भला-बुरा कहना (D) खूब तारीफ़ करना
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**90. 'तेते पाँव पसारिए, जेती लंबी सौर', लोकोक्ति का अर्थ है-**
(A) अपनी औकात देखकर ही खर्च करना
(B) अपने किए का फल मिलना
(C) किसी काम का जल्दी सम्पन्न होना
(D) थोड़े दिनों की शानो-शौकत
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**91. इंदिरा गांधी नहर, निम्नलिखित में से किस स्थान से निकलती है? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)**
(A) मानपुर (B) देवास पहाड़ी
(C) जवाहर सागर बांध (D) हरिके बैराज
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**92. राजस्थान में निम्नलिखित में से कौन-सी खारे पानी की झील है?**
(A) पिछोला झील (B) जयसमंद झील
(C) पचपदरा झील (D) बड़ी झील
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**93. राजस्थान में "बीसलपुर प्रमुख सिंचाई परियोजना" निम्नलिखित में से किस नदी पर निर्मित है?**
(A) बनास (B) माही
(C) साबरमती (D) बाणगंगा
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**94. भारत की जनगणना (2011) के अनुसार, राजस्थान की कुल जनसंख्या का लगभग कितनी प्रतिशत जनसंख्या ग्रामीण क्षेत्रों में रहती थी?**
(A) 65% (B) 75%
(C) 85% (D) 45%
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**95. जयपुर जिले के सांगानेर क्षेत्र के निकट बांडी नदी पर कौन-सा बाँध बनाया गया है?**
(A) हेमावास बाँध (B) खलख सागर बाँध
(C) नेवता बाँध (D) बांडी संघारा बाँध
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**96. 2011 की जनगणना के अनुसार राजस्थान के किस जिले में ग्रामीण क्षेत्र में अनुसूचित जाति की जनसंख्या सबसे अधिक थी?**
(A) गंगानगर (B) नागौर
(C) अलवर (D) जयपुर
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**97. दक्षिण-पूर्वी राजस्थान की काली उपजाऊ मृदा वाली रेती और चूना पत्थर शैल रचित रोकी फ़ीचर कहलाती है-**
(A) मध्य माही-छप्पन बेसिन
(B) पूर्वी समतल क्षेत्र
(C) लूनी बेसिन
(D) डेक्कन लावा पठार
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**98. निम्नलिखित में से कौन-सा एकमात्र शहर (जून 2025 तक), राजस्थान में "मेट्रो रेल" सेवा संचालित कर रहा है?**
(A) अजमेर (B) जयपुर
(C) जोधपुर (D) उदयपुर
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**99. निम्नलिखित में से कौन राजस्थान राज्य में सबसे बड़ी सरकारी इंटरसिटी बस सेवा प्रदाता है? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)**
(A) राजस्थान राज्य इंटरसिटी बस निगम
(B) राजस्थान राज्य सड़क परिवहन निगम
(C) राजस्थान बस परिवहन निगम
(D) राजस्थान इंटरसिटी स्थानीय परिवहन निगम
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**100. राजस्थान में चामुंडा देवी मंदिर कहाँ स्थित है, जहाँ 2008 में भगदड़ की घटना हुई थी?**
(A) आमेर किला (B) मेहरानगढ़ किला
(C) जूनागढ़ किला (D) नाहरगढ़ किला
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**101. What is the official/technical term for- "Something which is officially approved or granted"?**
(A) sanctioned (संस्वीकृत)
(B) revolution (क्रांति)
(C) presidency (अध्यक्षपद)
(D) parole (संप्रतिबंध कारामुक्ति)
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**102. राजस्थान वन नीति 2023 के अनुसार, राजस्थान राज्य में दर्ज वन क्षेत्र (आरएफए) राज्य के भौगोलिक क्षेत्र का कितना प्रतिशत है?**
(A) 8.6% (B) 7.6%
(C) 12.6% (D) 9.6%
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**103. राजस्थान और पाकिस्तान को विभाजित करने वाली सीमा रेखा का नाम क्या है?**
(A) डूरंड रेखा (B) मैकमोहन रेखा
(C) पाक जलडमरूमध्य (D) रेडक्लिफ रेखा
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**104. भारत का कौन-सा निम्नलिखित राज्य राजस्थान के साथ अपनी सीमा साझा नहीं करता है?**
(A) पंजाब (B) उत्तर प्रदेश
(C) हरियाणा (D) महाराष्ट्र
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**105. राजस्थान की निम्नलिखित पहाड़ियों में से कौन-सी सबसे ऊँची है?**
(A) तारागढ़ (B) खो
(C) रघुनाथगढ़ (D) जरगा
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**106. रेगिस्तानी मिट्टी के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?**
(A) इसकी उर्वरता कम होती है।
(B) राजस्थान के पश्चिमी भागों में इस प्रकार की मिट्टी का प्रतिशत अधिक है।
(C) इस प्रकार की मिट्टी की जल धारण क्षमता अधिक होती है।
(D) रेत कणों के बीच बड़े छिद्रों के कारण इसमें जल निकासी अच्छी होती है। (E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**107. राजस्थान में कमरों को ठंडा और प्राकृतिक रूप से सुगंधित रखने के लिए पारंपरिक रूप से इस्तेमाल की जाने वाली घास की प्रजाति का नाम क्या है?**
(A) बरमूडा घास (दूर्वा) (B) वेटिवर (खस)
(C) ब्लू पैनिक घास (D) सेवण घास
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**108. निम्नलिखित में से कौन-सा एक अभिगम है, जिसमें राज्य वन विभाग, वन संरक्षण और प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन में स्थानीय वनवासी समुदायों का समर्थन करते हैं?**
(A) स्वस्थाने संरक्षण
(B) आर्द्रभूमि संरक्षण
(C) स्थानीय प्रजातियों पर आधारित पारिस्थितिकीय पुनःस्थापन
(D) संयुक्त वन प्रबंधन
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**109. राजस्थान में, जैसलमेर जिले का अधिकांश भाग किस प्रकार के जलवायु क्षेत्र में आता है?**
(A) अर्ध शुष्क क्षेत्र (B) आर्द्र जलवायु क्षेत्र
(C) अति आर्द्र जलवायु क्षेत्र (D) शुष्क क्षेत्र
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**110. निम्नलिखित में से कौन-सी नदी चंबल नदी की सहायक नदी नहीं है?**
(A) पार्वती नदी (B) कालीसिंध नदी
(C) जवाई नदी (D) बनास नदी
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**111. 'Office Order' के लिए उपयुक्त हिन्दी शब्द है-**
(A) अधिसूचना (B) अनुस्मारक
(C) परिपत्र (D) कार्यालय आदेश
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**112. 'अर्धसरकारी पत्र' का प्रयोग निम्नलिखित में से किनके मध्य होता है?**
(A) सरकार और जनता के मध्य
(B) विभिन्न सरकारी अधिकारियों के मध्य
(C) सरकारी कर्मचारी और उनके सगे-सम्बन्धियों के मध्य
(D) सरकारी कार्यालय और प्राइवेट कंपनी के मध्य
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**



**113. जब कोई सरकारी पत्र, कार्यालय-ज्ञापन या ज्ञापन एक साथ अनेक प्रेषितियों को भेजा जा रहा हो, तो उसे क्या कहते हैं?**
(A) परिपत्र (B) कार्यालय-आदेश
(C) अनुस्मारक (D) अधिसूचना
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**114. Fill in the blank in the following sentence with the correct tense:**
**If he sticks to his exercise regime, he ............. his ideal weight by the end of this year.**
(A) had reached (B) has been reaching
(C) is being reached (D) will reach
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**115. Choose the mot appropriate option to convert the given sentence from Active to Passive Voice:**
**His employees were mocking him.**
(A) He is been mocked by his employees.
(B) He was being mocked by his employees.
(C) His employees mocked him.
(D) He was found to be mocked by his employees.
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**116. Choose the most appropriate option to convert the given sentence from Direct to Indirect Speech:**
**She said to me, "We are to leave for the theatre early."**
(A) She told me that we were to leave for the theatre early.
(B) She inquired if we were to leave for the theatre early.
(C) She said that we are to leave for the theatre early.
(D) She insisted on leaving for the theatre early.
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**117. Choose the most appropriate option to convert the given Negative Sentence to an Affirmative Sentence:**
**There is no rose without a thorn.**
(A) Roses have thorns.
(B) Thorns are commonly found on roses.
(C) Every rose has a thorn.
(D) No roses without thorns are present.
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**118. Choose the most appropriate option to convert the given Interrogative Sentence to an Assertive Sentence:**
**Why waste money on designer bags?**
(A) Designer bags are an expensive monetary investment.
(B) It is foolish to waste money on designer bags.
(C) What a waste designer bags are!
(D) Everybody wastes money on these designer bags.
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**119. Choose the most appropriate option to convert the given Assertive Sentence to an Exclamatory Sentence:**
**It is contemptible that you are a scammer.**
(A) Alas! What a scammer.
(B) Oh to be a scammer!
(C) I wish you were not a scammer.
(D) Fie, what a scammer you are!
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**120. Choose the most appropriate option in order to make the following sentence grammatically correct.**
**Aristotle was one of the wisest man that ever lived.**
(A) one wise man
(B) one of the wise men
(C) one of the wisest men
(D) no correction needed
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

✦✦✦✦✦